छुट्टियों में हॉलीडे स्पेशल ट्रेन की मिली सौगात

पाली. आगामी गर्मियों की छुट्टियों को देखते हुए रेलवे की ओर से हॉलीडे स्पेशल ट्रेन शुरू की जा रही है। इसका फायदा जिले को लोगों को भी मिलेगा। मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य नागेंद्र संचेती ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अप्रेल से जम्मूतवी-अहमदाबाद साप्ताहिक गरीब रथ सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन शुरू की जा रही है। 3 अप्रेल से शुरू होने वाली इस ट्रेन की सेवाएं 26 जून तक रहेगी। ट्रेन संख्या 02208 प्रत्येक गुरुवार को जम्मूतवी से सुबह 9:30 बजे रवाना होगी। जो हिसार, लुधियाना, चुरु, रतनगढ़, मेड़ता सिटी, जोधपुर, पाली, रानी, फालना, आबूरोड़ आदि स्टेशनों से होते हुए अहमदाबाद जाएगी। वहीं ट्रेन संख्या 02207 प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 3 बजे अहमदाबाद से रवाना होगी।

•••